जीवन परिचय

डा. अनिल सिंह

चेयरमैन, भगवंत ग्रुप

Dr. Anil Singh

Chairman, Bhagwant Group
Chandpur House, Vill. Pahuli,
P.O. Hameerpur Bujurg, Chandpur
Distt. Bijnor (U.P.)
Email : bhagwant.anil@gmail.com
Facebook : www.facebook.com/DrAnilSinghRathi
Twitter : twitter.com/DrAnilSinghRathi
Ph.No. : 9897543132, 8006541541

परिचय

Father's Name	:	Sh. Bhagwant Singh (Retd. Circle Inspector, U.P. Police) Unopposed Gram Pradhan of Village Pahuli for more than 20 years.
Mother's Name	:	Smt. Shakuntala Devi
Address	:	Pahuli House, 50-Awas Vikas Colony, Bijnor-246701 (U.P.)
Corporate Office	:	A-926 DLF Tower, Jasola Near Apollo Hospital, New Delhi-110025
Date of Birth	:	3 March 1958
Educational Qualification	:	B.Tech. (Civil Engineering) from Birla Institute of Technology, Mehsra, Ranchi (Jharkhand) M.B.A. from Central University, Bilaspur (Chhatisgarh). Ph.D. (Management) from State University, Bikaner, Rajasthan.

Family :

Wife	:	Dr. Asha Singh (M.A., M.Ed., Ph.D.) Vice-Chairperson, Bhagwant Group
Son	:	Dr. Vibhanshu Vikram Singh (MBBS) Director, Baxil Pharma Pvt. Ltd. Haridwar (U.K.)
Daughter in Law	:	Anjali Singh (B.Sc., MBA)
Daughter	:	Swati Singh (B.Tech., MBA) Shubhangi Singh (Preparing for Medical Entrance Competition).

डा. अनिल सिंह

चेयरमैन, भगवंत ग्रुप
चांदपुर हाउस, ग्राम-पाहुली, पोस्ट-हीमपुर बुजुर्ग
चांदपुर, जिला बिजनौर
ईमेल : bhagwant.anil@gmail.com
फेसबुक : www.facebook.com/DrAnilSinghRathi
टिवीटर : twitter.com/DrAnilSinghRathi
सम्पर्क : 9897543132, 8006541541

पिता	:	श्री भगवंत सिंह (रिटायर्ड सर्किल इंस्पेक्टर, उ.प्र. पुलिस) 20 वर्ष से अधिक ग्राम पाहुली के निर्विरोध प्रधान रहे।
माता	:	श्रीमती शकुंतला देवी
पता	:	पाहुली हाउस, 50-आवास विकास कालोनी बिजनौर-246701 (उ.प्र.)
कॉरपोरेट ऑफिस	:	ए-926, डी.एल.एफ. टॉवर, जसोला निकट अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली-110025
जन्म तिथि	:	3 मार्च 1958
शैक्षिक योग्यता	•	B.Tech. (सिविल इंजीनियरिंग) बिडला इंस्टीट्यूटी ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, राँची से
	•	M.B.A. केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से
	•	Ph.D. (Management) राजकीय विश्वविद्यालय बिकानेर से

परिवार :

पत्नी	:	डा. आशा सिंह (M.A., M.Ed., Ph.D.) उपाध्यक्ष, भगवंत ग्रुप
पुत्र	:	डा. विभांशु विक्रम सिंह (M.B.B.S.) निर्देशक, बैक्सिल फार्मा प्राईवेट लिमिटेड, हरिद्वार, उत्तराखण्ड
पुत्रवधु	:	अंजली सिंह (B.Sc., MBA)
पुत्री	:	स्वाति सिंह (B.Tech., MBA) शुभांगी सिंह (मेडिकल प्रवेश परीक्षा की प्रशिक्षु)

Foreign Visit as Indian Government Delegate

1. South Africa & Republic of Seychelles with President of India H.E. Mrs. Pratibha Devi Singh Patil in 2012.
2. Norway & Finland with President of India H.E. Dr. Pranav Mukherjee in 2014.
3. Mauritius with Prime Minister of India H.E. Mr. Narendra Damodar Das Modi in 2015.

Work Experience : As Chief Engineer at IRCON International (Ministry of Railway Indian Government) in Singapore, Malaysia & many other important projects.

Social Works

1. Distribution of more than 50 lacs scholarship to needy & meritorious students every year.
2. Under the Shakuntla Devi Women Empowerment Programme distribution of 5 lacs scholarship to the needy & poor family girls every year.
3. Free Computer Literacy Program for Rural Area students.
4. Literacy Program for the nearby area illiterate children.
5. Many social work for Jat Community & for society.
6. Nationalist Thinker.

Awards

1. Indira Gandhi Rastriya Sadbhawna Award by Sh. Govind Narayan Singh (Chief Minister of Madhya Pradesh) in 2006.
2. Education Excellence Award by Mr. Chetan Bhagat (Renowned Novel Writer) in 2011.
3. Best Engineering College Award by Dr. Shashi Tharur (Cabinet Minister) on 2012.
4. Uttar Pradesh Ratan Award by Dr. Harish Rawat (Cabinet Minister-Water Resources) in 2014.
5. Best Educational Group Award by Dr. Kapil Sibbal (Cabinet Minister) in 2014.
6. Jat Ratan Award by Rajasthan Jat Vishram Sthali Puskar (Rajasthan) in 2015.

Foreign Tour for Technical Education & Cultural Exchange

Malaysia (1991-1998, March 2001), Singapore (Jan. 1993, Jan. 1995, April 1995, July 1995, Oct. 1996, June 1997 & Aug. 1998), Thailand (No. 1993, Jun. 1994, Jul. 1995, Mar. 2001), Bangladesh (Jan. 1997), Australia (Jun. 1998), Bhutan (Aug. 2010), London (Nov. 2011), Scotland (Nov. 2011) France (Nov. 2011), South Africa (Apr. 2012), Republic of Seychelles (Apr. 2012), Maldives (Sept. 2012), Srilanka (Sept. 2012), Dubai (May 2012, Mar. 2015), Norway (Oct. 2014), Finland (Oct. 2014) Mauritius (Mar. 2015), China (Dec. 2015).

भारतीय प्रतिनिधि मंडल के साथ विदेश यात्रा

1. सन् 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के प्रतिनिधि मंडल में साउथ अफ्रीका एवं रिपब्लिक ऑफ शैसेल्स की यात्रा।
2. सन् 2014 में महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के प्रतिनिधि मंडल में नार्वे एवं फिनलैंड की यात्रा।
3. सन् 2015 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रतिनिधि मंडल में मोरिशस की यात्रा।

कार्य अनुभव : चीफ इंजीनियर पद पर इरकॉन इन्टरनेशनल (रेल मंत्रालय, भारत सरकार) में सिंगापुर, मलेशिया एवं अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर कार्य किया।

सामाजिक कार्य :

1. गरीब व मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष 50 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति का वितरण
2. शकुन्तला देवी महिला उत्थान कार्यक्रम के तहत गरीब परिवार की लड़कियों को प्रतिवर्ष 5 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति का वितरण।
3. ग्रामीण छात्रों को नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा।
4. क्षेत्र में अनपढ़ गरीब बच्चों के लिए साक्षरता कार्यक्रम।
5. सर्व समाज तथा जाट समाज के उत्थान के लिए विभिन्न कार्य किये।
6. राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक

सम्मान :

1. सन् 2006 में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय सद्भावना अवार्ड
2. सन् 2011 में प्रसिद्ध लेखक श्री चेतन भगत द्वारा Education Excellence Award
3. सन् 2012 में डा. शशी थरूर (तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री) द्वारा Best Engineering College Award
4. सन् 2014 में यू.पी. रत्न अवार्ड श्री हरीश रावत (तत्कालीन जल संसाधन केन्द्रीय मंत्री) द्वारा
5. सन् 2014 में डा. कपिल सिब्बल (तत्कालीन केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री) द्वारा Best Educational Group Award
6. सन् 2015 में जाट रत्न अवार्ड, राजस्थान जाट विश्राम स्थली पुष्कर द्वारा।

तकनीकी शिक्षा एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु विदेश यात्राएँ :

मलेशिया (1991-98, मार्च 2001), सिंगापुर (जनवरी 1993, 95, अप्रैल 1995, जुलाई 1995, अक्टूबर 1996, जून 1997, अगस्त 1998), थाइलैण्ड (नवम्बर 1993, जून 1994, जुलाई 1995, मार्च 2001), बांग्लादेश (जनवरी 1997), ऑस्ट्रेलिया (जून 1998), भूटान (अगस्त 2010), लंदन (नवम्बर 2011), स्काटलैण्ड (नवम्बर 2011), फ्रांस (नवम्बर 2011), साउथ अफ्रीका (अप्रैल 2012), सैशल्स (अप्रैल 2012), मालद्वीव (सितम्बर 2012), श्रीलंका (सितम्बर 2012), दुबई (मई 2012, मार्च 2015), नार्वे (अक्टूबर 2014), फिनलैण्ड (अक्टूबर 2014), मोरिशस (मार्च 2015), चीन (दिसम्बर 2015)।

भगवंत ग्रुप एक नजर में

सन 1999 में डा0 अनिल सिंह जी ने भगवंत ग्रुप की नींव रखी। भगवंत ग्रुप के सभी शिक्षण संस्थान भारत सरकार की विभिन्न–विभिन्न विश्वविद्यालयों / संस्थानों से मान्यता प्राप्त हैं। जैसे कि UGC (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग), AICTE (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद), PCI (भारतीय भेषजी परिषद), NCTE (राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद), NCI (भारतीय नर्सिंग परिषद), NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यापन परिषद), NBA (राष्ट्रीय मूल्यांकन बोर्ड), AKTU (ए.पी.जे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ), RTU (राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,राजस्थान), CCS (चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ), MJP Rohilkhand (महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली), इत्यादि।

इसके अतिरिक्त भगवंत ग्रुप का कई अंतराष्ट्रीय संस्थाओं जैसे नार्वेनियन विश्वविद्यालय (नार्वे), गैनन विश्वविद्यालय (यू.के.), वेस्टर्न आस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय (आस्ट्रेलिया), शैफिल्ड हेलम विश्वविद्यालय (यू.के.) इत्यादि से शैक्षिक अनुबंन्ध है, जिसके द्वारा भगवंत ग्रुप के शिक्षण संस्थानों से अनेंको छात्र–छात्राएँ विदेशों में जाकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा ग्रहण करतें हैं।

भगवंत ग्रुप के अन्तर्गत विश्वविद्यालय तथा अनेक शिक्षण संस्थान हैं। जैसे–

विश्वविद्यालय :–

1. भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राजस्थान) जिसकी स्थापना वर्ष 2008 में हुई।
2. भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय, कोटद्वार (उत्तराखण्ड) जिसका कार्य प्रगति पर है तथा जिसका संचालन वर्ष 2016 में होना प्रस्तावित है।
3. राजस्थान नेशनल विश्वविद्यालय, नागौर (राजस्थान) जिसका संचालन 2017 में होना प्रस्तावित है।

शिक्षण संस्थान :–

1. भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर (उ0.प्र0), (1999)
2. भगवंत कालेज ऑफ एजुकेशन, मुजफ्फरनगर,(उ0.प्र0), (2003)
3. भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, मुजफ्फरनगर, (उ0.प्र0.), (2005)
4. अजमेर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, अजमेर, (राजस्थान), (2004)
5. भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, गाजियाबाद, (2009)
6. शकुन्तला गर्ल्स डिग्री कालेज, चाँदपुर (बिजनौर), (उ0.प्र0.), (2010)
7. भगवंत पब्लिक स्कूल, चाँदपुर (बिजनौर),(उ0.प्र0), (2008)
8. भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, मुजफ्फरनगर, (उ0.प्र0.), (2012)
9. भगवंत आयुर्वेदिक कॉलेज, मुजफ्फरनगर, (उ0.प्र0) का संचालन 2018 में होना प्रस्तावित है।
10. भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) (2014)

कंपनी / उद्योग

1. बैक्सिल फार्मास्यूटिकल लि0, हरिद्वार, (2008)
2. कंक्रीट प्रौद्योगिकी प्राइवेट लि0, नई दिल्ली (1999)
3. भगवंत इंफ्रा डैवलपर लि0, नई दिल्ली (2006)

हॉस्पिटल

1. भगवंत हॉस्पिटल, भगवंतपुरम, मुजफ्फरनगर (2014)
2. भगवंत हॉस्पिटल, अजमेर, राजस्थान (2015)

शिक्षा के क्षेत्र में डा. अनिल सिंह का योगदान

भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी 1999 में डा. अनिल सिंह द्वारा स्थापित, लगभग 125 एकड़ में बना, ग्रुप का प्रथम शैक्षणिक संस्थान, इसका बिजनौर की शिक्षा, सामाजिक उन्नयन एवं विकास में योगदान सभी स्वीकार करते हैं। बी. आई.टी. से शिक्षा प्राप्त कर आज हजारों नवयुवक एवं नवयुवतियाँ देश ही नहीं वरन् विदेशों की भी अनेकों जानी मानी कम्पनियों में उच्चस्थ पदों पर कार्यरत हैं।

2003 में स्थापित **भगवंत कालेज ऑफ एजुकेशन** मुजफ्फरनगर आज क्षेत्र का जाना माना प्रशिक्षण संस्थान है। जहाँ NAAC Accredited बी. एड., बी.पी.एड. तथा बी.एससी की शिक्षा प्रदान की जाती है। संस्थान में बी.टी.सी. व एम.एड. भी इस वर्ष प्रस्तावित है।

शिक्षा के क्षेत्र में डा. अनिल सिंह का योगदान

डा. अनिल सिंह द्वारा चान्दपुर क्षेत्र में **भगवंत पब्लिक स्कूल**, चांदपुर की स्थापना वर्ष 2008 में की गयी। भगवंत पब्लिक स्कूल आज क्षेत्र में नर्सरी से इंटर तक की उत्कृष्ट शिक्षा का एक पर्याय बन गया है।

चांदपुर क्षेत्र की लड़कियों को सुलभ एवं गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से वर्ष 2010 में **शकुन्तला गर्ल्स डिग्री कालेज**, चांदपुर की स्थापना की गयी, जिसमें बी.एस.सी., बी.सी.ए. तथा बी.एड. की शिक्षा प्रदान की जा रही है।

दिल्ली एन.सी.आर. क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा में अपना योगदान **भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी** गाजियाबाद वर्ष 2009 से दे रहा है। यहाँ इंजीनियरिंग की शिक्षा इलेक्ट्रोनिक्स कम्यूनिकेशन, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांचों में दी जा रही है।

शिक्षा के क्षेत्र में डा. अनिल सिंह का योगदान

भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर, राजस्थान

भगवंत विश्वविद्यालय की स्थापना अजमेर शहर में सन् 2008 में डा. अनिल सिंह जी के द्वारा की गई। भगवंत विश्वविद्यालय यू.जी.सी. तथा राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय है। इसके अलावा अलग-अलग कोर्सों के लिए NCTE, BCI, PCI आदि से भी मान्यता प्राप्त है। भगवंत विश्वविद्यालय ISO 9001 प्रमाणित है। वैसे तो भगवंत विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कोर्स चलते हैं, परन्तु कुछ पाठ्यक्रम ऐसे हैं जो केवल और केवल भगवंत विश्वविद्यालय में ही चलते हैं तथा अजमेर के किसी भी अन्य कालेज में नहीं चलते हैं, जैसे बी.टेक, एअरोनॉटिकल, माइनिंग इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम, नैनो टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग इत्यादि।

भगवंत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ देश-विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में कार्यरत है, जैसे इन्फोसिस, आई.बी.एम., टाटा मोटर्स, सोनी, सैमसंग, L&T, विप्रो, एक्सिस, रिलाइन्स, एच.सी.एल. इत्यादि। साथ ही कई सरकारी विभागों में भी कार्यरत हैं। जैसे वैभव तिवारी (इंडियन आर्मी), गजानन, घनश्याम जाटा, देवेन्द्र सिंह गुर्जर, सुमन जाट, मांगीलाल (सुपरवाइजर, स्टेट एग्री. डिपार्टमेंट राजस्थान) आदि।

इसके अलावा भगवंत विश्वविद्यालय ने कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों जैसे शैफील्ड हैलम यूनिवर्सिटी (यू0के0) गैनन यूनिवर्सिटी (यू.एस.ए.) तथा यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के साथ शैक्षिक अनुबन्ध है, जिसकी सहायता से हम अपने छात्रों को अन्तर्राष्ट्रीय इन्टर्नशिप करवाते हैं। फैकल्टी मेम्बर्स एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विदेश भेजते हैं तथा अन्य डेवलेपमेन्ट प्रोग्राम चलाते हैं।

अपने युवा एवं उत्साही, उद्यमिता के इच्छुक छात्रों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा 'इन्टरप्रन्योर इन्क्यूवेशन सेन्टर' कार्यक्रम शुरु किया है, जिसके अन्तर्गत स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के इचछुक छात्रों को प्रेरित करने एवं मदद करने के लिए मुफ्त ऑफिस स्पेस, मुफ्त टेलीफोन एवं इन्टरनेट, फर्नीचर आदि उपलब्ध कराया जाता है।

भगवंत ग्रुप के छात्र, प्राध्यापक व मैनेजमेंट के अधिकारी विदेशों में जैसे नार्वे, पर्थ, फिनलैंड, कम्बोडिया, इटली, इज्रराइल, चीन, थाईलैण्ड, जकार्ता, सिंगापुर, स्पेन, सियौल आदि देशों में भारत का परचम लहराकर आये हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में डा. अनिल सिंह का योगदान

2008 में स्थापित बैक्सिल फार्मास्यूटीकल लि. हरिद्वार, क्षेत्र की जानी-मानी फार्मा प्रोडक्टशन कम्पनी है, जहाँ पर कैप्सूल, सीरप तथा इंजेक्शन आदि दवाईयाँ कम्पनियों के लिए आर्डर पर तैयार किये जाते हैं।

भगवंत हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर के ग्रामीण अंचल में स्थिति 300 बैड का यह अस्पताल क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवायें कम खर्च पर प्रदान करता है।

भगवंत हॉस्पिटल, अजमेर

अजमेर शहर से 12 किमी. दूर स्थित यह अस्पताल क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है।

स्वास्थ्य सेवाओं में डा. अनिल सिंह का योगदान

भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, मुजफ्फरनगर की स्थापना वर्ष 2005 में क्षेत्र में बढ़ रहे फार्मा सेक्टर के लिए अच्छे छात्रों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए की गयी है। यह पी.सी.आई. व ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त है। इसमें B.Pharma तथा M.Pharma कोर्स संचालित होते हैं।

भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मुजफ्फरनगर अपने क्षेत्र में जी.एन.एम. तथा ए.एन.एम. कोर्स की उत्कृष्ट शिक्षा देने वाला एक अग्रणी संस्थान है। यहाँ स्टाफ व छात्रों के रहने के लिए कैम्पस में ही व्यवस्था की गयी है। संस्था में बी.एससी. नर्सिंग भी इस वर्ष प्रस्तावित है।

भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा मेडिकल साइंस, मुजफ्फरनगर 2014 में स्थापित एक अग्रणी संस्थान है, जहाँ DMLT, OT Technician, DAP, X-Ray & EGC, DPT और Nursing Assistant जैसे महत्वपूर्ण मेडिकल कोर्स कराये जाते हैं।

भगवंत आयुर्वेदिक कॉलेज आयुर्वेद, मुफ्फरनगर में शिक्षा प्रदान करने वाली क्षेत्र की एकमात्र संस्था होगी जो अगले वर्ष से बी.ए.एम.एस. में शिक्षा प्रदान करेगी।

भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ विदेश यात्रा

डा. अनिल सिंह भारत के उन चुनिंदा शिक्षा संस्थानों के संथापकों में से हैं जिन्हें समय-समय पर भारत सरकार द्वारा अपनी आधिकारिक तकनीकी शिक्षा सम्बन्धी प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में शामिल किया गया है, जो कि एक सम्मान का विषय है।

पाँच द्विवसीय नार्वे एवं फिनलैण्ड यात्रा (12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2014 तक) पर
महामहिम राष्ट्रपति डा. प्रणव मुखर्जी एवं प्रतिनिधि मंडल के साथ डा. अनिल सिंह

राजस्थान पत्रिका 05 अजमेर . मंगलवार . 14.10.2014

भगवंत ग्रुप चेयरमैन नार्वे यात्रा पर

अजमेर. भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन अनिल सिंह भारतीय प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी के साथ नार्वे व फिनलैण्ड की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए है। अनिल सिंह प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक निर्देशों के लिए 10 अक्टूबर को राष्ट्रपति भवन में निमंत्रित हुए। सिंह ने बताया कि यह 30 सदस्यीय यात्रा शिक्षा व उद्योग के क्षेत्र मे मील का पत्थर साबित होगी। नार्वे में शिक्षा व अन्य उद्योगों की अपार सम्भावनाएं है। उन्होंने कहा कि देशों की उन्नत व तकनीकी शिक्षा का लाभ उत्तर भारत के नागरिकों को मिल सके व दोनों देशों के मध्य मधुर सम्बन्ध स्थापित करना ही यात्रा का उद्धेश्य है। गौरतलब है कि अनिल सिंह पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल के साथ दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर सम्मिलित हुए थे।

दैनिक भास्कर अजमेर . मंगलवार 14 अक्टूबर, 2014

भगवंत ग्रुप के चेयरमैन विदेश यात्रा पर

अजमेर| भगवंत ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के चेयरमैन इंजीनियर अनिल सिंह भारतीय प्रतिनिधि मंडल में महामहिम राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी के साथ नार्वे एवं फिनलैंड की 12 से 16 अक्टूबर की पांच दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। सिंह ने बताया कि नार्वे में शिक्षा एवं अन्य उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। देशों की उन्नत एवं तकनीकी शिक्षा का लाभ उत्तर भारत के नागरिकों को मिले और दोनों देशों के मध्य मधुर संबंध स्थापित हो, यह यात्रा का मुख्य उद्देश्य होगा।

पंजाब केसरी 14 अक्तूबर, 2014 ▶ मंगलवार

अनिल सिंह राष्ट्रपति के साथ विदेश यात्रा पर

अजमेर, (कासं.): भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन अनिल सिंह भारतीय प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी के साथ नार्वे एवं फिनलैंड की 16 अक्तूबर तक की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी के साथ लगभग 30 सदस्यीय दल इस यात्रा के लिए रवाना हुए। नार्वे में शिक्षा एवं अन्य उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशों की उन्नत एवं तकनीकी शिक्षा का लाभ उत्तर भारत के नागरिकों को मिल सके एवं दोनों देशों के मध्य मधुर सम्बन्ध स्थापित करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विदेश दौरे पर गये थे भगवंत ग्रुप के चेयरमैन इं0 अनिल सिहॅ।

मीरापुर । ग्रुप ऑफ इंसटीटयूशंस के चेयरमैन डा0 अनिल सिहॅ भारतीय प्रतिनिधि मण्डल में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मोरिसिस की यात्रा से वापस लौटे। संस्थान मे लौटने पर संस्थान के सभी शिक्षको एवं शिक्षणोत्तर कर्मचारियो ने भव्य स्वागत किया। इसी कम मे चेयरमैन डा0 अनिल सिहॅ ने प्रेस कान्फ्रेन्स को संबोधित करते हुए बताया कि मोरिसिस में तकनीकी शिक्षा की अपार संभावनायें है उन्होने वहॉ पर उच्च तकनीकी एवं शिक्षण संस्थानो का दौरा किया एवं अनेको सांस्कषतिक कार्यक्रम स्टूडैन्ट एक्सचेंज प्रोग्राम, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, टैक्नीकल आदि के बारे में बताया। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा0 अनिल सिहॅ जी के सफल नेतष्त्व में भगवंत ग्रुप नित नई उपलब्धियो को छू रहा है इसी कम मे चेयरमैन डा0 अनिल सिहॅ ने प्रेस कान्फ्रेन्स को संबोधित करते हुए बताया कि उत्तराखंड में तकनीकी शिक्षा को बढावा देने के उददेश्य से देहरादून नैशनल यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है जिससे वहॉ के छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने मे मदद मिलेगी। अधिक जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि फैकल्टी डबलवमेंट प्रोग्राम के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से 4 लाख रूपये तक की सहायता राशि दी गई है। जिसका मुख्य उददेश्य शिक्षको एवं शिक्षिकाओं का तकनीकी विकास है। फैकल्टी डबलवमेंट प्रोग्राम का आयोजन 29 जून 2015 से लेकर 15 जुलाई 2015 तक होना प्रस्तावित है। भगवंत ग्रुप ऑफ इंसटीटयूशंस विगत 16 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखता है जिसकी स्थापना वर्ष 1999 मे की गई थी। भगवंत ग्रुप में शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु समिति संसाधनो वाले परिवारों को 100 प्रतिशत की छात्रवषत्ति प्रदान की जाती है। संस्थान का मूल उददेश्य छात्र–छात्राओं को शिक्षित योग्य और आत्मनिर्भर बनाना है। जिससे वह राष्ट के निर्माण मे अपने दायित्व का निर्वाह करें। और साथ ही पाठयसहभागी कियाओं पर विशेष बल देकर छात्र छात्राओं के बहुमुखी विकास पर जोर दिया गया है। भगवंत ग्रुप के छात्र एवं छात्रायें देश ही नही बल्कि विदेशों मे भी अनेको मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्यरत एवं शिक्षारत है।

चिंगारी (सांध्य दैनिक), बिजनौर
29 मार्च 2015 7

पीएम के साथ मोरिसिस से लौटने पर अनिल सिंह का स्वागत

बिजनौर। भगवन्त ग्रुप ऑफ इंसटीटयूशंस के चेयरमैन डा. अनिल सिंह भारतीय प्रतिनिधि मण्डल में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मोरिसिस की यात्रा से वापस लौटे। संस्थान के सभी शिक्षकों एवं शिक्षणोत्तर कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसी क्रम में चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने प्रेस कान्फ्रेन्स को संबोधित करते हुए बताया कि मोरिसिस में तकनीकी शिक्षा की अपार संभावनायें हैं।

चेयरमैन डा. अनिल सिंह के सफल नेतृत्व में भगवंत ग्रुप नित नई उपलब्धियों को छू रहा है इसी में चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने प्रेस कान्फ्रेन्स को संबोधित करते हुए बताया कि उत्तराखंड में

तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देहरादून नैशनल यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। जिससे वहां के छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में मदद मिलेगी। भगवंत ग्रुप ऑफ इंसटीटयूशंस विगत 16 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखता है जिसकी स्थापना वर्ष 1999 में की गई थी। भगवंत ग्रुप में शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु सिमित संसाधनों वाले परिवारों को 100 प्रतिशत की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। संस्थान का मूल उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शिक्षित योग्य और आत्मनिर्भर बनाना है। जिससे वह राष्ट्र के निर्माण में अपने दायित्व का निर्वाह करें।

दक्षिण अफ्रीका एवं सेशल्स यात्रा पर तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल एवं प्रतिनिधि मंडल के साथ डा. अनिल सिंह

बीआईटी चेयरमैन ने किया राष्ट्रपति के साथ विदेश दौरा

बिजनौर, जागरण कार्यालय : भगवंत ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर अनिल सिंह ने हाल ही में राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के साथ दक्षिण अफ्रीका और सेशल्स का दौरा किया।

बीआईटी चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने राष्ट्रपति, संचार राज्य मंत्री सचिन पायलट, सांसद डा. प्रभा ठाकुर आदि के साथ दोनों देशों का दौरा किया। यहां उन्होंने विभिन्न

- वापसी पर चेयरमैन ने कहा कि, यात्रा शिक्षा व उद्योग में मिसाल कायम करेगी

व्यवसायिक गोष्ठियों में अपने अनुभवों को साझा किया। संस्थान ने उनके वापस लौटने पर जोरदार स्वागत किया। अनिल सिंह ने बताया कि यात्रा शिक्षा व उद्योग के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

4 दैनिक जनवाणी मेरठ, शुक्रवार, 11 मई 2012

सेशेल्स में यूनिवर्सिटी खोलेगा भगवंत ग्रुप

राष्ट्रपति के दक्षिण अफ्रीकी दौरे के दौरान ग्रुप के चेयरमैन भी रहे मौजूद

● मुख्य संवाददाता, बिजनौर

भगवंत ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर अनिल सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के सेशेल्स में भगवंत यूनिवर्सिटी शुरू करने की कार्ययोजना तैयार की है। हाल ही में द. अफ्रीका दौरे पर गईं भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल से इस दौरान सेशेल्स में 'इंडिया-सेशेल्स बिजनेस फोरम' में इस पर चर्चा भी हुई।

भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह भी इस यात्रा में शामिल थे। वहां से लौटे इंजीनियर अनिल सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सेशेल्स में सरकार के तकनीकी उच्च शिक्षा विभाग से विस्तृत चर्चा हुई कि भारत उच्च शिक्षा में सेशेल्स के लिए काफी लाभदायक मित्र साबित हो सकता है। इस दिशा में भगवंत ग्रुप तकनीकी उच्च शिक्षा के अंतर्गत भगवंत विवि खोलना चाहता है, ताकि सेशेल्स के नागरिकों को उच्च कोटि की शिक्षा आसानी से दी जा सके। अनिल सिंह ने बताया कि द. अफ्रीका एवं सेशेल्स में तकनीकी शिक्षा एवं फार्मा उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। इंजीनियर अनिल का यात्रा से वापस लौटने पर संस्थान में जोरदार स्वागत किया गया।

भगवंत ग्रुप के चेयरमैन अनिल सिंह राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के साथ (खड़ी हुई पंक्ति में दाएं से दूसरे)। ■ छाया : जनवाणी

डा. अनिल सिंह का सामाजिक जुड़ाव

डा. अनिल सिंह द्वारा समय-समय पर समाज में आयोजित विभिन्न सभा, विचार गोष्ठी, खाप पंचायतों, रैलियों आदि में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते रहे हैं तथा समाज उत्थान एवं जागरूकता के लिए समय-समय पर अपने विचार व्यक्त करते रहते हैं।

योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बिजनौर के नेहरू क्रीड़ा स्थल पर उपस्थित अतिथिगणों एवं जनमानस को सम्बोधित करते डा. अनिल सिंह

भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी, कोटद्वार (उत्तराखण्ड) के शिलान्यास समारोह के अवसर पर सम्बोधित करते हुए।

जाट महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्रतिभाओं का अलंकरण समारोह के अवसर पर अतिथियों के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. अनिल सिंह।

जाट महासभा पुष्कर राजस्थान द्वारा आयोजित सभा में अतिथियों के साथ पुस्तक का विमोचन करते हुए डा. अनिल सिंह।

डा. अनिल सिंह का सामाजिक जुड़ाव

बिजनौर

2016

मेरठ | शुक्रवार | 1 जनवरी 2016

8

नशाखोरी की मुखालफत

कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ युवाओं को दिलाई शपथ

अमर उजाला ब्यूरो

बिजनौर। बीआईटी में पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताने और कन्या भ्रूण हत्या व नशाखोरी के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंटरनेशनल साइकलिस्ट तथा क्लीन यूपी ग्रीन यूपी अभियान के ब्रांड एंबेसडर हीरालाल यादव ने किया। उन्होंने सभी को कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराइयों को जड़ से मिटाने की शपथ दिलाई।

हीरालाल यादव ने विद्यार्थियों को बताया कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ विद्यार्थियों व स्टाफ से अलख जगाने को कहा। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के पिता बनारसीलाल चावला से मोबाइल कांफ्रेंसिंग के जरिये वार्ता कराई।

बिजनौर के बीआईटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक और छात्राओं के साथ हीरालाल यादव।

हीरालाल यादव ने अपने बारे में बताया कि वे साइकलिंग कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं और थाइलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, मोरीशस आदि देशों का भ्रमण भी कर चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, समाजसेवी अन्ना हजारे व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उनको कई बार सम्मानित कर चुके हैं। छात्र कल्याण डीन राघव मेहरा ने जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए पौधरोपण की अपील की। संस्थान निदेशक आरसी सोनी, डीन एडमिशन पुष्पनील वर्मा, वित्त अधिकारी दुष्यंत कुमार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार आदित्य शर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार डीवी सिंह ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही। संचालन प्रवक्ता अंशु सिंह व कावेंद्र यादव ने किया। इस दौरान गौरव राजपूत, शुभम महेश्वरी, नवनीत, कल्पना, अजय सिंह, नीरज शर्मा, सुषमा धामा आदि मौजूद रहे।

समाज में फैली कुरीतियाँ जैसे नशाखोरी, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि के विरुद्ध भगवंत ग्रुप समय-समय पर चेतना अभियान चलाता रहता है।

डॉ. अनिल सिंह ने स्वयं इसका एक अनूठा उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने एम.बी.बी.एस. सुपुत्र डॉ. विभांशु विक्रम सिंह का विवाह बिना दहेज के मात्र एक रुपया शगुन लेकर 15 फरवरी 2016 को किया। इस भव्य विवाह समारोह में अनेकों गणमान्य हस्तियों ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

अंजलि संग विवाह बंधन में बंधें कुंवर डा. विभांशु विक्रम सिंह

गत दिवस बिजनौर शहर का प्रदर्शनी मैदान भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह के सुपुत्र कुंवर डा. विभांशु विक्रम सिंह एवं नांगल जट निवासी चौ. वीरेंदर पाल सिंह एवं श्रीमती प्रमोद कुमारी की सुपुत्री आयु. अंजलि के भव्य विवाह उत्सव का गवाह बना।

भगवंत ग्रुप के कुंवर का विवाह पूरे रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश की जानी मानी हस्तियों ने पहुंच कर नवयुगल को बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

इस शादी में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि यह शादी बिना दहेज संपन्न हुई, जो कि समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीति को रोकने के लिए बहुत बडा उदाहरण है।

विवाह उत्सव में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें विदेशी कलाकारों का बोल बाला रहा। विवाह उत्सव में देश की जानी मानी हस्तियां जैसे भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष राकेश टिकैत, पूर्व मंत्री स्वामी ओमवेश जिला पंचायत अध्यक्ष उदयन वीरा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन त्यागी, अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षण अनुसन्धान के पूर्व अध्यक्ष श्री आर एस

- बिना दहेज संपन्न हुई शादी।
- विवाह समारोह एवं बारात का भव्य स्वागत।

निर्झर, काशीपुर की मेयर श्रीमती उषा चौधरी, नजीबाबाद के विधायक श्री तस्लीम अहमद, काशीपुर के विधायक श्री सरदार हरभान सिंह चीमा, भाजपा नेत्री श्रीमती लीना सिंघल, बिजनौर नगरपालिका अध्यक्ष श्री फरीद अहमद, पूर्व विधायक श्रीमती ओमवती देवी, उत्तराखंड जाट महासभा के अध्यक्ष श्री ओमपाल सिंह राठी एवं जम्मू जाट महासभा के अध्यक्ष श्री कमल सिंह, अजमेर जाट महासभा के सहसचिव विकास चौधरी, वरिष्ठ समाज सेवी श्री प्रशांत महर्षि, हेमेन्द सिंह, सुरेश आर्य आदि एवं जिला बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मेरठ एवं अन्य जिलों के कई जाने माने उद्योगपति, डाक्टर, वकील एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शादी में रही विदेशी कलाकारों की धूम।

इस शादी में अनेक महत्वपूर्ण तथ्य रहे। जैसे खान पान का जिम्मा धामपुर के मुन्ना हलवाई ने संभाला जो कि विश्वप्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार अभिषेक बच्चन की शादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। और इसी के साथ देशी एवं विदेशी कलाकारों के गायन, बैली डांस एवं मैजिक डांस ने शादी समारोह में शामिल सभी मेहमानों को आकर्षित किया।

देश विदेश से बधाइयों का सिलसिला जारी रहा।

इस अवसर पर देश विदेश से बधाइयों का सिलसिला जारी रहा। आस्ट्रेलिया के शैफील्ड हेलम यूनिवर्सिटी एवं गैलन यूनिवर्सिटी के कुलपति ने बधाई सन्देश भेजा, वहीं आई० आई० टी० दिल्ली के प्रोफेसर डा. भीम सिंह ने भी फोन पर डॉ. अनिल सिंह को उनके पुत्र के विवाह पर बधाई दी। भगवंत ग्रुप से जुडे सभी लोगों ने इस अवसर पर शिरकत की एवं डा. विभांशु एवं उनकी पत्नी अंजलि को विवाह बंधन में बंधने पर बधाई दी।

आयुष अंजलि नांगल जट के बहुत ही समृद्ध परिवार से हैं उनके पिता चौ. वीरेंदर सिंह जिले के जाने माने समाज सेवी हैं तथा सर्व समाज में विशिष्ट स्थान रखते हैं अंजलि के भाई चौ. (डॉ.) अनुज जो कि एम. टेक., पी.एच.डी. इंजीनियर हैं सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं चौ. वीरेंदर पाल सिंह एवं श्रीमती प्रमोद कुमारी जी के भव्य आयोजन कि सभी ने भूरी भूरी प्रसंसा की।

डा. अनिल सिंह का सामाजिक जुड़ाव

डॉ. अनिल सिंह के पिता स्व. श्री भगवंत सिंह जी के हमेशा यह इच्छा थी कि ग्रामीण अंचल के अभावग्रस्त क्षेत्रों तक शिक्षा का प्रसार हो तथा गरीब छात्र भी आगे बढ़कर देश की समृद्धि में भागीदार हो। डॉ. अनिल सिंह ने इसी स्वप्न को साकार करने के लिए संस्था में अवकाश के दिनों में आसपास के गाँवों को गोद लेकर मुफ्त कम्प्यूटर साक्षरता तथा उद्यमिता विकास की कार्यशालाओं का आयोजन प्रतिवर्ष करवाया जाता है। भगवंत ग्रुप अपने विभिन्न संस्थानों में समय-समय पर कस्तूरबा गाँधी स्कूलों का भी शैक्षिक भ्रमण आयोजित करता रहा है।

दैनिक जागरण मेरठ, 28 फरवरी 2015

युवा जागरण

कस्तूरबा गांधी स्कूलों की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

बिजनौर : भगवंत इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की छात्राओं का दो दिवसीय एजुकेशन टूर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सभी छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नूरपुर, किरतपुर, मोहम्मदपुर देवमल, नगीना नगर क्षेत्र व हल्दौर आदि की करीब चार सौ छात्राओं ने भ्रमण में सहभागिता की। भ्रमण इंजीनियर मोहित मिश्रा की देखरेख में किया गया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा उमा रानी ने बीआइटी की इस पहल की सराहना की।

बिजनौर टाइम्स

28 फरवरी, 2015 8

बीआईटी में छह कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

बिजनौर। क्षेत्र की प्रतिष्ठित तकनीकी संस्था बीआईटी में दो दिवसीय एजुकेशन टूर का आयोजन किया गया, जिसमें मोहम्मदपुर देवमल क्षेत्र, किरतपुर नगर क्षेत्र, किरतपुर विकास खण्ड, नगीना नगर क्षेत्र, हल्दौर क्षेत्र, नूरपुर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की लगभग 400 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष इ. मोहित मिश्रा की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनको शिक्षा के अनेकों लाभ बताये गये जिससे उनकी शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े। उनको विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं एवं भगवंत अस्पताल एवं अन्य कैंपस का भ्रमण कराया गया।

ज्ञात हो कि भगवंत इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी काफी समय से सामाजिक उत्थान में कार्य करता आ रहा है, जिसके तहत ग्रामीण लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, गरीब छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की निशुल्क शिक्षा देना एवं अन्य कार्य शामिल हैं। यह दो दिवसीय कार्यक्रम भी इसी का हिस्सा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बीआईटी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

जिला समन्वयक बालिका शिखा श्रीमती उमा रानी ने बीआईटी द्वारा की गयी इस पहल की सराहना की। श्रीमती उमा रानी ने संस्थान की सभी प्रयोगशालाओं एवं छात्रावास का भ्रमण किया और बहुत संतुष्ट दिखाई दी। उन्होंने संस्थान के द्वारा किये गये इंतजामों की सराहना की। श्रीमती उमा रानी संस्थान के सभी प्रवक्ताओं से मिली एवं उनके साथ शिक्षा पर आधारित अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि बीआईटी शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय संस्था है एवं छात्र छात्राएं यहां आकर अनेक उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

श्रीमती उमा रानी ने भगवंत ग्रुप प्रबंधन एवं चेयरमैन डा. अनिल सिंह को बधाई देते हुए कहा कि बीआईटी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक मील के पत्थर स्थापित कर चुका है एवं समाज के उत्थान में यह पहल भी क्षेत्र के विकास के लिए बहुत लाभकारी होगा। श्रीमती उमा रानी ने बताया कि इस तरह के निशुल्क कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए संजीवनी के समान है एवं उन्होंने बीआईटी की इस पहल की भूरी-भूरी प्रसंशा की।

छात्राओं के साथ वार्डन मोहम्मद देवमल क्षेत्र श्रीमती कुमकुम श्रीवास्तव, वार्डन किरतपुर नगर क्षेत्र श्रीमती सपना शर्मा, वार्डन किरतपुर विकास खण्ड श्रीमती राज रानी, वार्डन नगीना नगर क्षेत्र कुमारी मिनाक्षी चौधरी, शिक्षिकाएं कुमारी सादेया, रश्मि बाला, नबिता, स्वहलेहा, समर जहां, उमा शर्मा, संजू, गीता चौधरी, नीतू, श्रीमती निर्मल शर्मा, श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती सुरत्री शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहायक निदेशक डा. अजय गुप्ता, सह निदेशक फार्मेसी डा. दिनेश उपाध्याय, डीन प्रवेश इ. पुष्पनील वर्मा, डीन छात्र कल्याण वित्त अधिकारी सीए दुष्यंत कुमार, सहायक रजिस्ट्रार आदित्य शर्मा,मिस सविता गुप्ता, श्रीमती शिवानी चौहान, मिस विधि सिंह, विवेक नारायण पाण्डेय, इ. आलिम जैदी एवं सुरजन सिंह का योगदान रहा।

राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक-डा. अनिल सिंह

डा. अनिल सिंह पारिवारिक संस्कारों से ही राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक रहे हैं। सामाजिक स्तर पर तथा भगवंत ग्रुप के विभिन्न संस्थानों में प्रतिवर्ष समय-समय पर ऐसे अनेकों आयोजन किये जाते हैं, जिससे लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना एवं देश सेवा का एक अनूठा जज्बा पैदा होता है।

विवेकानन्द जयन्ती पर सूर्य नमस्कार यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए

नेहरू युवा केन्द्र तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, बिजनौर के तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम बिजनौर में आयोजित 21 जून 2015 को योग दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए

राष्ट्रीय सेविका समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बिजनौर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करती भगवंत ग्रुप की उपाध्यक्ष डॉ. आशा सिंह

सांस्कृतिक विचारधारा के पोषक-डा. अनिल सिंह

भारतीय नववर्ष स्वागतोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए

लौह पुरुष सरदार पटेल की जयन्ती समारोह को
एकता दिवस के रूप में मनाते
भगवंत ग्रुप के सदस्यगण

सप्तरंग

अजमेर सोमवार, 2 नवम्बर, 2015

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का सफल आयोजन

अजमेर। सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस 31.10.2015 के अवसर पर भगवन्त विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय एकता और अखण्डता पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे डॉ. नारायण लाल गुप्ता, जो सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में भौतिकी के वरिष्ठ आचार्य हैं। कार्यक्रम की शुरूआत कुलसचिव ललित अवस्थी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का वास्तविक कार्य चाणक्य और सरदार वल्लभभाई पटेल ने ही किया। उन्होंने छोटे-छोटे राज्यों को जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में संगठित किया। सरदार वल्लभभाई ने 565 रियासतों को जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में नई पहचान दी। वे असहयोग आंदोलन में सबसे युवा एवं कर्मठ नेता के रूप में जाने जाते थे। इसके पश्चात तृतीय वर्ष के छात्र अनुराग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में उनकी भूमिका एवं भारत की एकता में उनके अभूतपूर्व योगदान एवं गुजरात में उनके महत्त्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. नारायण लाल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गंभीर चिंतन की आवश्यकता है कि राष्ट्र का वास्तविक अर्थ क्या है? एकता एवं अखण्डता का क्या अर्थ है? इसके अर्थ को जानने के लिये हमें स्वामी विवेकानंद एवं स्वामी रामतीर्थ के अनुसार यह गहन रूप से चिंतन करना होगा। डॉ. नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस को मनाना तभी सार्थक होगा, जब हम स्वयं को पहचानेंगे। डॉ. नारायण ने श्रोताओं से देश को तोड़ने वाले तत्वों से सावधान रहकर प्राचीन भारतीय संस्कृति की ओर लौटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में एक मात्र भारत देश को ही माता के रूप में पूजा जाता है अन्य किसी देश को नहीं! हमें इसी भावना को वचन एवं कर्म द्वारा जीवन में अपनाना होगा, तभी सरदार पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना सार्थक होगा। समारोह के अंत में प्रोफेसर आर. के. माथुर ने डॉ. नारायण लाल गुप्ता का हृदय से आभार प्रकट किया कि उन्होंने अपने व्यस्ततम समय में से समय निकालकर अपने दिव्य सम्बोधन द्वारा सभी को अत्यंत लाभान्वित किया और सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या हम वास्तव में देश के प्रति अपने कर्तव्य का सही मायने में पालन कर रहे हैं अथवा नहीं! कुलसचिव ललित अवस्थी ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर और डीन इंजी. धर्मेन्द्र दुबे ने शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। डीन डा. राजीव कुमार सिंह ने कुलसचिव ललित अवस्थी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। प्रोफेसर आर. के. माथुर ने सफल आयोजन के लिये डीन इंजी. धर्मेन्द्र दुबे, एसोसिएट प्रोफेसर ज्ञानशेखर एवं आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया, जिनके अथक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सामाजिक विचारधारा के पोषक-डा. अनिल सिंह

देश के अमर शहीदों की याद में विभिन्न जनजागरण व जन चेतना कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते हैं। देश के युवा चेतना जागृति के प्रणेता सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानन्द, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम जैसे महापुरुषों के जीवन चरित्र पर गोष्ठी प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इससे समाज में एक नई प्रेरणा जागृत होती है।

दैनिक नवज्योति

16 अजमेर ■ 24 जनवरी, 2016 ■ रविवार

तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा

भगवंत हॉस्पेटल परिसर में रक्तदान करते युवा।

151 यूनिट रक्तदान किया

अजमेर। नेताजी सुभाषचंद बोस के ध्येय वाक्य 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' को सार्थक करते हुए भगवंत हॉस्पिटल एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भगवंत हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 151 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर का उदघाटन भगवंत विश्वविद्यालय के कुल सचिव ललित अवस्थी ने रक्तदान कर किया और वादा किया कि हॉस्पिटल में प्रत्येक तीन माह में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीन इंजीनियर धर्मेन्द्र दुबे ने कहा कि रक्तदान करके देश सेवा का पुण्य कमा सकते हैं। इस अवसर पर आनन्द शर्मा, जितेन्द्र सिंह, मनीष चौधरी, हॉस्पिटल के डॉ. बीएल स्वर्णकार, डॉ. महेन्द्र एवं भारत विकास परिषद के डॉ.सुरेशचंद गाबा, शरद गोयल एवं भरत भूषण, कमल किशोर वर्मा, विनोद पाठक, भारती कुमावत, सुभाष चांदना, राजेश गाबा, सुनिल अग्रवाल, अनिल शर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार विकास चौधरी, डॉ. सीएम राजोरिया, डॉ. राजीवकुमार सिंह सहित सभी विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

'देशभक्त सदा याद रखेंगे नेताजी का बलिदान'

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों व संगठनों की ओर से कार्यक्रम

हौसलों की उड़ान

अजमेर, रविवार 24 जनवरी, 2016 3

भगवन्त हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

अजमेर। भगवन्त हॉस्पिटल एवं भारत विकास परिषद के तत्वावधान में भगवंत हॉस्पिटल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जन्मतिथि है। इस दिवस को भगवन्त हॉस्पिटल में 'देश प्रेम दिवस' के रूप में मनाया गया।

● जनवाणी संवाददाता, बिजनौर

भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बीटेक सिविलशाखा अर्पणा ने संयोजक कॉल मास्टर खेलकूद प्रतियोगिता में बीटेक, एमबीए, बीबीए, बीसीए, एमसीए, बीफार्मा, बीएड, बीएससी के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित पुरुष वर्ग में सौ व दो सौ मीटर दौड़ में लक्कड़ा, 400 में दिनेश, 800 में राजवीर कुमार, शॉट फेंक व चक्का फेंक में विनोद सिंह, भाला फेंक में नवीन कुमार, लंबी कूद में बंटी सिंह, कैरम में कपिल सिंह, टेबल टेनिस में खुर्रम परवेज, ऊंची कूद में जसपाल पंवार, शतरंज में मनोज सिंह राणा, बैडमिंटन में सागर प्रथम रहा। महिला वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद में अर्पणा अग्रवाल, गोला फेंक व भाला फेंक में हेमलता, चक्का फेंक में जीलम सूनी, कैरम में छवि त्यागी, शतरंज में रश्मि, ठाकुर, बैडमिंटन में विजयलक्ष्मी विजेता रही। रस्साकशी में संयुक्त ग्रांप विजेता व ईवी ग्रांप उपविजेता रही। विजेता व उपविजेता को संस्थान के प्रबंधक व असिस्टेंट डायरेक्टर ने मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व कंप्यूटर साइंस के शुभारंभ प्राचार्य डा.हरपाल सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर डा.अमरेन्द्र कुमार, डा.हरीश चौधरी, मोर पुष्पेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट्स ऑफिसर नवल किशोर ने किया।

रॉयल बुलेटिन, मुजफ्फरनगर

बुधवार, 10 अक्टूबर 2012

बी.आई.टी. के सिविल ब्रांच ने जीता फाइनल मैच

संवाददाता

बिजनौर, 9 अक्टूबर।

बी.आई.टी. स्टेडियम में सम्पन्न हुये फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में बीटेक सिविल विभाग के छात्रों की टीम ने कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्रों की टीम को हराकर ट्राफी जीत ली।

संस्थान के स्पोर्टस ऑफिसर नवल किशोर ने बताया कि अन्तर्विभागीय फुटबाल टूर्नामेंट में बीटेक (सभी जांच), एमबीए, एमसीए, बी फार्मा, बीबीए व बीसीए के छात्रों की टीम ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन असि. डायरेक्टर डॉ. अजय गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. हरपाल सिंह ने फीता काटकर किया।

सेमीफाइनल में सिविल, मैकेनिकल, कंप्यूटर साइंस एवं इले. व कम्युनिकेशन की टीमें पहुंची। फाइनल मुकाबला सिविल और कम्प्यूटर साइंस विभाग के बीच हुआ। जिसमें सिविल की टीम 3-1 से विजयी रही। विजेता टीम को ट्राफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट सफल बनाने में छात्र शुभम त्यागी, हर्षद कुमार, संजय मौर्य, अनुज कुमार, आदित्य सिंह, राजीव सिंह आदि का सहयोग रहा।

भगवंत ग्रुप अपने छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं मानसिक तनाव को कम करने के लिए विभिन्न क्लब द्वारा अनेकों प्रतियोगिता समय-समय पर आयोजित करता है।

टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

ऊँची कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

केन्द्र सरकार के जनजागरण अभियान में सहभागिता

दैनिक नवज्योति

अजमेर, रविवार, 6 नवम्बर, 2011 9

भगवंत यूनिवर्सिटी में सिखाया ध्यान योग

अजमेर, 5 नवंबर (कासं)। भगवंत यूनिवर्सिटी में 'पिरामिड स्प्रीचुअल सोसायटी' के सहयोग से शनिवार को ध्यान योग शिविर 'ध्यान-राजस्थान' आयोजित किया गया।

इसमें सूरत से आई सोसायटी की प्रशिक्षक रीटा ने योग और ध्यान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं में बढ़ता आलस्य आज की सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंने बताया कि तकनीकी शिक्षा व ऊर्जा के दुरुपयोग को रोक कर इसे कैसे सही दिशा में लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो विश्वविद्यालय में विभिन्न क्लब अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं। लेकिन विद्यार्थियों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हो सके, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए यह शिविर लगाया गया है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार व योग 'क्लब के सदस्यों ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करवाने का भरोसा दिलाया।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2015

प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय बिजनौर के नेहरू क्रीड़ा स्थल पर मा. सांसद कुँवर भारतेन्द्र जी एवं उपस्थित अतिथिगणों के साथ योग करते डा. अनिल सिंह।

केन्द्र सरकार के जनजागरण अभियान में सहभागिता

स्वामी विवेकानन्द जयंती पर जिला मुख्यालय बिजनौर में आयोजित सूर्य नमस्कार यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डा. अनिल सिंह।

हौसलों की उड़ान

अजमेर, रविवार 27 दिसम्बर, 2015

सुशासन में शिक्षा का महत्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित

अजमेर। भगवंत विश्वविद्यालय परिसर में 25 दिसम्बर 2015 को भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस संदर्भ में एक सीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जो बहुत ही सराहनीय रहा।

इस संगोष्ठी का विषय था ग्सुशासन में शिक्षा का महत्व इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं अतिथि थे सुनील दत्त जैन जो प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं सुनील जैन का व्यक्तित्व किसी परिचय का मोहताज नहीं। उन्होंने उच्च शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान दिया है और मानव मूल्यों के समावेश द्वारा समाज के लोगों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व के आदर्श मूल्यों से कभी भी समझौता नहीं किया। हम सभी को उनके जीवन जीने की कला को अपने व्यक्तित्व में आत्मसात कर लेना चाहिये।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन द्वारा हुई इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी. के. शर्मा ने मुख्य अतिथि सुनील दत्त जैन जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित मदन मोहन नवीय जैसा दिव्य जीवन हम सभी के लिये श्रेयस्कर है।

वे अत्यंत गरीब परिवार से थे लेकिन उनका उद्देश्य बहुत ऊंचा था, इसलिये जीवन में कितने ही कष्ट आये, विरोध हुआ लेकिन उन्होंने हिम्मत नही हारी और समाज एवं देश में शिक्षा के विकास में अपने आपको पूरी तरह समर्पित कर दिया, व्यक्तित्व का विसर्जन किया तभी बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की उत्पत्ति हुई। पंडित मदन मोहन मालवीय जी भी एक

गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा के विकास एवं प्रचार-प्रसार के लिये काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की, जिसे वर्तमान में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। यह एशिया का विशालतम रिहायशी विश्वविद्यालय है, जिसमे लगभग 35,000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। पंडित जी ने 1918 मे सत्यमेव जयते नारा दिया था, जो आज भारत की एक विशिष्ट पहचान बन चुका है। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सर्वशिक्षा अभियान के माध्यम से 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिये प्राइमरी शिक्षा अनिवार्य की जिससे महिला साक्षरता दर में भी वृद्धि हुई 1998 मे जब पोखरण मे परमाणु परीक्षण हुआ उस समय अटल जी ने जय जवान जय किसान एवं जय विज्ञान का नारा दिया जो बहुत प्रसिद्ध हुआ।

अटल जी का जीवन सभी के लिये प्रेरणा स्वोत है। उन्होने अपने सुशासन द्वारा विपक्षी दलो का भी विश्वास एवं दिल जीत लिया था, जो सभी के लिये एक मिसाल है। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज मे सुशासन शिक्षा द्वारा ही संभव है क्योंकि वर्तमान विद्यार्थी ही देश की भावी पीढ़ी है जिस प्रकार के संस्कार युवा पीढ़ी एवं शासन होगा इसलिये मां बाप एवं शिक्षकों को अपने बच्चों को संस्कारों की घुट्टी पिलानी चाहिये जिससे वे ही आगे चलकर श्रेष्ठ नागरिक बनें और सुशासन द्वारा देश को एक नई दिशा दे सकें और पुनः विश्व गुरू के पथ पर आसीन कर सकें।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अटल जी और मालवीय जी को भारत रत्न मिलने के पीछे उनका देश प्रेम, कर्तव्यपरायणता एवं समष्टि की भावना से कार्य करना था। उन्होने देश मे सुशासन के लिये व्यक्तित्व स्तर पर समाज के प्रत्येक नागरिक को यथासंभव सहायता पहुंचाने की कोशिश की। अटल जी ने संकल्प लिया था कि वे आजीवन अविवाहित रहकर देश की सेवा करेंगे।

उन्होने इस प्रतिज्ञा का निर्वाह पूरे जीवन पर्यन्त किया अटल जी के निर्देशन में भारत ने परमाणु परीक्षण कर विकसित देशों के अहंकार को चूर्ण-चूर्ण कर दिया और जब विकसित देशों ने सुपर कम्प्यूटर भारत को देने से मना किया, तब भारत ने सुपर कम्प्यूटर परम बनाकर पूरे विश्व में यह संदेश दिया कि भारत अपनी प्रगति के लिये किसी विकसित देश का रूप मे जाना जायेगा। जिसने सिर्फ चहुमुंखी विकास ही नही किया, बल्कि उच्च मानदण्डों पर आधारित मानव मूल्यों की स्थापन भी की है, जो ऐसे नागरिक का निर्माण करेंगे जो पूरे विश्व के देशों का मार्गदर्शन करेंगे और भारत पुनः विश्व गुरू के पद पर आसीन होगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि भले ही आज भारत को खण्डित करने की कोशिशें हो रही हैं, लेकिन भारत पुनः एक अखण्डता के रूप में जाना जायेगा। इसके पश्चात माननीय कुलपति महोदय ने अपने सम्बोधन मे कहा कि हमे सिर्फ तकनीकी ज्ञान की जरूरत आवश्यकता नहीं, हमे उससे भी अधिक संस्कार एवं मानव मूल्यों की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि हमने वैदिक संस्कृति एवं अपने देश के सोचना बंद कर दिया है इसलिये समाज के कुछ लोग बहुत कष्टदायक जीवन जी रहे हैं। जब हम उनके दुख को दूर करने का प्रयत्न करेंगे तो पूरे ब्रहाण्ड की ईश्वरीय सत्ता हमारी सहायता करने के लिये तत्पर होगी।

डीन इंजीनियर धर्मेन्द्र दुबे ने सुशासन मे शिक्षा को जरूरी और शिक्षा और सुशासन दोनो एक दूसरे के बिना अधूरे हैं बताया। भारतवर्ष पहले से ही शिक्षा के क्षेत्र मे आगे रहा है। पूरे विश्व ने भारत के ही तकनीकी ज्ञान से शिक्षा लेकर आगे बढ़े।

इंजीनियर दुबे ने पंडित मालवीय और अटल जी के राष्ट्र हेतु किये कार्य को आने वाली पीढ़ियों के लिये वरदान बताया। इस कार्यक्रम का आयोजन ज्ञान शेखर, डॉ. आशित दत्त, डॉ. रेखा इशरानी इंजीनियर विवेक सक्सेना, इंजी. विनय पटेल और इंजी. रूबी चौधरी ने किया। इस पीके पर विश्वविद्यालय के इंजीनियर विकास चौधरी, डॉ. राजीव कुमार सिंह, प्रो. आर. के. माथुर, प्रो. ओ. पी. अरोड़ा, प्रो. एम.

राजस्थान पत्रिका 4

अजमेर, रविवार, 02 नवम्बर 2014

भगवंत में एकता दिवस मनाया

अजमेर. भगवन्त विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस संदर्भ में विवि परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किसर गया। प्रो. वी.के शर्मा ने विवि परिवार के सभी सदस्यों विभागाध्यक्ष ,संकाय सदस्य व समस्त विद्यार्थीगण को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व संप्रभुता को बनाए रखने की शपथ दिलवाई। कुलसचिव ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे देश का भविष्य और उज्जवल कर पुनः भारत को विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित कर सकते हैं। इस अवसर पर विवि के सभी विभागाध्यक्ष, संकाय

केन्द्र सरकार के जनजागरण अभियान में सहभागिता

भारतीय एकता दिवस (सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मोत्सव) पर भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर में आयोजित कार्यशाला का एक दृश्य

हिन्दुस्तान मेरठ • रविवार • 27 दिसंबर 2015 06

शिक्षकों ने खेल के मैदान में दिखाई प्रतिभा, दौड़ में विनीत और अंशु सिंह अव्वल

बीआईटी में मना गुड गवर्नेंस डे

बिजनौर | हमारे संवाददाता

भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में गुड गवर्नेंस डे पर शिक्षकों के लिए एक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के अलग-अलग विभागों के प्रवक्ताओं, स्टाफ सदस्यों और अन्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

शुभारंभ संस्थान के निदेशक डा. आरसी सोनी, सह निदेशक डा. अजय गुप्ता, डीन एडमिशन इं. पुष्पनील वर्मा, डीन छात्र कल्याण, डा. राघव मेहरा, डिप्टी रजिस्ट्रार डीवी सिंह एवं सह रजिस्ट्रार आदित्य शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। 100 मीटर रेस, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोल फेंक, खो-खो, वालीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, फीमेल रन वाक रेस, रस्सा

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

दैनिक जागरण www.jagran.com 2 अक्टूबर 2014

पिलखुवा में भी हुई स्वच्छता अभियान की शुरूआत

- नगरपालिका ने की रेलवे रोड की सफाई

पिलखुवा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकारी विभाग, स्कूल-कालेज और अन्य संस्था स्वच्छता अभियान में लगे हैं। इसी कड़ी में जहां नगरपालिका द्वारा स्वच्छता अभियान जारी है, वहीं भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी ने भी स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर दी है।

बुधवार को नगरपालिका द्वारा स्वच्छता अभियान नगर के रेलवे रोड पर चलाया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने अंबेडकर मार्किट स्थित डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई की। नगरपालिका का स्वच्छता अभियान दस अक्टूबर तक जारी रहेगा। सफाई कर्मचारी संजय ने बताया कि स्वच्छ शहर से ही पिलखुवा नगर की एक नई तस्वीर

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पिलखुवा में डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई

केन्द्र सरकार के जनजागरण अभियान में सहभागिता

राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानन्द जन्मोत्सव) के शुभ अवसर पर डा. अनिल सिंह की पत्नी डा. आशा सिंह (उपाध्यक्ष, भगवंत ग्रुप) अतिथियों का स्वागत करते हुए।

राजस्थान पत्रिका

अजमेर . बुधवार . 13.01.2016

युवा दिवस पर संगोष्ठी

अजमेर. भगवंत यूनिवर्सिटी में स्वामी विवेकानंद-वर्तमान परिपेक्ष्य में युवाओं के आदर्श विषय पर संगोष्ठी हुई। संस्कार भारती के राहुल दवे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने चरित्र निर्माण, स्वस्थ शरीर, दृढ़ इच्छा शक्ति और हिंदु सभ्यता पर सदैव जोर दिया। जिस तरह 39 साल की उम्र में स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र निर्माण की भूमिका तैयार की, वैसे ही युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कुलपति प्रो. वीके शर्मा ने कहा कि चाहे कितने कष्ट आएं, हमें सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रीय विकास में अपना योगदान देना चाहिए। स्वामी विवेकानंद इसके लिए सर्वोत्तम आदर्श हैं। डीन धर्मेन्द्र दुबे

केन्द्र सरकार के जनजागरण अभियान में सहभागिता

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पं0 मदन मोहन मालवीय के जन्मोत्सव पर भगवंत विश्वविद्यालय अजमेर में आयोजित कार्यशाला।



10 दैनिक जनवाणी शुक्रवार, 1 जनवरी 201

सरेराह

अजमेर, शनिवार, 26 दिसंबर, 2015

संगोष्ठी

"सुशासन में शिक्षा का महत्व"

भगवन्त विश्वविद्यालय, अज

अजमेर। भगवंत विश्वविद्यालय में आयोजित सुशासन में शिक्षा का महत्त्व विषय पर विचार व्यक्त करते अतिथि फोटो : सरेराह

पेड़ लगाओ और बेटी बचाओ की दिलाई शपथ

बिजनौर: गुरुवार को बीआईटी में क्लीन यूपी, ग्रीन यूपी अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी में इंटरनेशनल साइकिलिस्ट हीरालाल यादव को सम्मानित किया। गोष्ठी में हीरालाल यादव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने पर जोर दिया। इसके बाद लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अलख जगाने का आह्वान किया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के पिता बनारसी लाल चावला से वार्ता मोबाइल पर कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कराई। गोष्ठी में अंत में कन्या भ्रूण हत्या को जड़ से मिटाने की शपथ ली। इस मौके पर अंशु सिंह, गौरव राजपूत, शुभम माहेश्वरी, नवनीत, कल्पना, अजय सिंह, नीरज शर्मा, सुषमा धामा और अजय आदि रहे।

राष्ट्रदूत अजमेर, 26 दिसम्बर, 2015

वाजपेयी का जन्मदिन मनाया

अजमेर,(कासं)। भगवंत विश्वविद्यालय में 25 दिसम्बर को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पंडित मदनमोहन मालवीय के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सुशासन में शिक्षा का महत्व पर आयोजित संगोष्ठी की मुख्य वक्ता व अतिथि सुनील दत्त जैन थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन द्वारा हुई। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी के शर्मा ने मुख्य अतिथि सुनील दत्त जैन को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

राजस्थान पत्रिका

अजमेर . बुधवार . 14.01.2015

भगवंत ग्रुप ने विवेकानंद जयंती पर व्याख्यानमाला

अजमेर. भगवंत ग्रुप अजमेर की ओर से स्वामी विवेकानंद की 152वीं जयंती के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवन्त ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशा सिंह ने मुख्य अतिथि डॉ. एन.के. उपाध्याय को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। इसी संदर्भ में एमडीएस विवि के शोध निदेशक डॉ. एन.के. उपाध्याय ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि हिन्दू कोई धर्म नहीं, कोई सम्प्रदाय नहीं, कोई जाति नहीं वरन् यह व्यावहारिक रूप मे जीवन जीने की पद्धति है। भगवंत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी.के. शर्मा ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, स्पष्ट लक्ष्य व उच्च महत्वकांक्षा के साथ आगे बढ़ने व समाज व देश की प्रगति में भागीदार बनने पर बल दिया।

विभिन्न शिविरों का आयोजन

अजमेर. सरदार पटेल के जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस पर भगवन्त विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न गावों मे जनचेतना शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में पौधरोपण, स्वास्थ्य परामर्श, स्वच्छ ग्रामीण भारत, महिला सशक्तिकरण के बारे में गांवों व कस्बों के लोगों को जागरूक किया व उनकी समस्याओं का समाधान किया। चाचियावास गांव में आयोजित पौधरोपण शिविर में लोगों को पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों के महत्व को उदाहरण सहित समझाया। महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन भवानीखेडा गांव माकड़वाली में किया गया। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों व कर्त्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया। भगवन्त विवि द्वारा सभी शिविर समाज के लोगों को जागृत करने, उनके जीवन के वास्तविक उत्थान एवं समाज की मुख्य धारा में उन्हे जोड़ने के लिए आयोजित किए गए है।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं के साथ डा. अनिल सिंह

आर.एस.एस. एवं विश्व हिन्दू परिषद बिजनौर इकाई की कार्यकारिणी समिति के साथ डा. अनिल सिंह एवं

श्री तसलीम अहमद, विधायक-नजीबाबाद के साथ डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

श्री सावर लाल जाट (केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल संसाधन मंत्रालय के साथ डा. अनिल सिंह

स्वामी ओ३म्वेश जी (पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार) के साथ डा. अनिल सिंह

सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिज्ञों के साथ डा. अनिल सिंह

डा. ताराचन्द अग्रवाल जी (जिला संघ चालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिजनौर) के साथ डा. अनिल सिंह

श्रीमती सुमन त्यागी (पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बिजनौर) के साथ डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

भाजपा बिजनौर जिलाध्यक्ष श्री राजीव सिसोदिया के साथ डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

श्री राकेश टिकैत (उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन) के साथ डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिज्ञों के साथ डा. अनिल सिंह

श्रीमती इन्दिरा हृदेश (तत्कालीन मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार) के साथ डा. अनिल सिंह

श्री वासुदेव देवनानी (शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार) का अभिवादन करते हुए डा. अनिल सिंह

श्री हरीश रावत (तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री, उत्तराखण्ड) के साथ डा. अनिल सिंह

श्री कमल सिंह, अध्यक्ष-जाट कल्याण सभा, जम्मू के साथ डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिज्ञों के साथ डा. अनिल सिंह

श्री अशोक कटारिया (प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा उ०प्र०) एवं श्रीमती उषा सिंह (मेयर-काशीपुर, उत्तराखण्ड) के साथ डा. अनिल सिंह, डा. आशा सिंह एवं डा. विभांशु विक्रम सिंह

श्री एस.के. वर्मा (पूर्व मंडालायुक्त, मुरादाबाद मण्डल एवं सक्रिय भाजपा नेता) के साथ डा. अनिल सिंह

श्री संजीव डोम (वरिष्ठ समाजसेवी, सत्यमेव जयते फेम) के साथ डा. अनिल सिंह

श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी (तत्कालीन कैबिनेट मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार) के साथ प्रेसवार्ता में डा. अनिल सिंह

सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिज्ञों के साथ डा. अनिल सिंह

श्री सुरेश रावत (संसदीय कार्य मंत्री, राजस्थान सरकार) का अभिवादन करते हुए डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

श्रीमती अनीता बघेल (महिला एवं बाल कल्याण मंत्री, राजस्थान सरकार) का अभिवादन करते हुए डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

श्री भगीरथ चौधरी (किशनगढ़ भाजपा विधायक) के साथ राजनैतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए डा. अनिल सिंह एवं डा. आशा सिंह

श्री सी.आर. चौधरी (नागौर भाजपा सांसद) को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए डा. अनिल सिंह

सम्मान एवं पुरस्कार

डा. अनिल सिंह को समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाता रहा है।

मेरठ, 4 नवंबर 2012 दैनिक जागरण

बीआईटी के चेयरमैन को यूपी रत्न

दिल्ली में बीआईटी चेयरमैन डा: अनिल सिंह को सम्मानित करते केन्द्रीय मंत्री हरीश रावत।

बिजनौर : दिल्ली में आयोजित समारोह में भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा. अनिल सिंह को केन्द्रीय मंत्री हरीश रावत ने उत्तर प्रदेश रत्न से सम्मानित किया।

शुक्रवार को दिल्ली के देशराज कैम्पस में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान देश-विदेश में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार व शिक्षा के अवसर प्रदान करना, बहिष्कृत समाज के उत्थान हेतु नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना, ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा आदि को विशेष महत्ता दी गयी है। समारोह में डा. अनिल सिंह के अलावा इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डा. वीके शर्मा, डीन राघव मेहरा व प्रो. अनुरंजन मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कवि अशोक चक्रधर को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

SUNDAY अमर उजाला मेरठ | रविवार | 4 नवंबर 2012

बीआईटी के चेयरमैन यूपी रत्न से सम्मानित

बिजनौर (ब्यूरो)। बीआईटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह को सामाजिक, आध्यात्मिक शैक्षिक, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री हरीश रावत ने यूपी रत्न से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान देश-विदेश में छात्रों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए नि:शुल्क शिक्षा, ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा तथा लोगों को शिक्षा की महत्ता की जानकारी आदि के लिए दिया गया है। डॉ अनिल सिंह को यूपी रत्न मिलने से जिले का गौरव भी बढ़ा है। इसके अलावा प्रख्यात कवि अशोक चक्रधर को भी लाइफटाइम अचिवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उनके साथ बीआईटी के डायरेक्टर डॉ वी के शर्मा, डीन राघव मेहरा व प्रोफेसर अनुरंजन मिश्रा आदि मौजूद थे।

चिंगारी (सांध्य दैनिक), बिजनौर 4 नवम्बर 2012 10

डा. अनिल सिंह 'उत्तर प्रदेश रत्न' से सम्मानित

इंजी. अनिल सिंह को सम्मानित करते हुए केंद्रीय मंत्री हरीश रावत।

बिजनौर। नई दिल्ली देशराज कैम्पस में आयोजित एक भव्य समारोह में देश की अनेक जानी-मानी हस्तियों को सामाजिक, आध्यात्मिक, शैक्षिक, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिनमें भगवंत ग्रुप के चेयरमैन इंजी. डा. अनिल सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए उत्तर प्रदेश रत्न के सम्मान से नवाजा गया। ये सम्मान उन्हें केन्द्रीय मंत्री हरीश रावत ने प्रदान किया।

इंजी. अनिल सिंह को ये अवार्ड उनके शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिये दिया गया है, जिसमें देश-विदेश में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना, अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार व शिक्षा के अवसर प्रदान करना, बहिष्कृत समाज के उत्थान हेतु नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना, ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराना शामिल है।

डा. अनिल सिंह को यह सम्मान मिलने पर भगवन्त ग्रुप व क्षेत्रवासियों में व्यापक हर्ष है। समारोह में डा. अनिल सिंह के अतिरिक्त भगवन्त ग्रुप के डायरेक्टर डा. वी.के. शर्मा एवं डीन राघव मेहरा व प्रो. अनुरंजन मिश्रा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विख्यात कवि अशोक चक्रधर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री हरीश रावत तथा दिल्ली के पावर इंडस्ट्रीज एवं एप्लायमेंट मिनिस्टर हारून यूसुफ रहे।

बिजनौर टाइम्स बिजनौर 4 नवम्बर 2012 8

डा. अनिल सिंह 'उत्तर प्रदेश रत्न' के पुरस्कार से सम्मानित

बिजनौर। गत दिवस नई दिल्ली देशराज कैम्पस में आयोजित एक भव्य समारोह में देश की अनेकों जानी मानी हस्तियों को, जिन्होंने समाजिक, आध्यात्मिक, शैक्षिक, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस सम्मान हेतु देश के विभिन्न हिस्सों से अपने क्षेत्र में नामी हस्तियों का नामांकन हुआ व प्रक्रिया कई चरणों में सम्पादित की गई।

डा. (इंजी.) अनिल सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान से नवाजा गया। ये सम्मान उन्हें केन्द्रीय मंत्री हरीश रातव ने दिया। इंजी. अनिल सिंह को ये अवार्ड उनके शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिऐ दिया गया है, जिसमें देश-विदेश में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना, अनेकों ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार व शिक्षा के अवसर प्रदान करना, बहिष्कृत समाज के उत्थान हेतु नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना, ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराना आदि को विशेष महत्ता दी गई। डा. (इंजी.) अनिल सिंह को यह सम्मान मिलने पर भगवन्त ग्रुप व क्षेत्रवासियों में व्यापक हर्ष है। उनके इस सम्मान से क्षेत्र का नाम देश भर में रोशन हुआ है। समारोह में डा. (इंजी.) अनिल सिंह के अतिरिक्त भगवन्त ग्रुप के डायरेक्टर डा. वी.के. शर्मा एवं डीन राघव मेहरा व प्रो. अनुरंजन मिश्रा ने उपस्थित रहे। इस अवसर पर विख्यात कवि अशोक चक्रधर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एग्रीकल्चर मिनिस्टर हरीश रावत, पावर इंडस्ट्रीज एवं एप्लायमेंट मिनिस्टर हारून यूसुफ रहे।

भगवंत इंस्टीट्यूट के चेयरमैन सम्मानित

भगवंत इंस्टीट्यूट के निदेशक को सम्मान पत्र देते राज्यमंत्री रमा शंकर कठेरिया।

- शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

जागरण संवाददाता, हापुड़: जिंदलनगर स्थित भगवंत इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलॉजी के चेयरमैन डा. अनिल सिंह को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। यह अवार्ड उन्हें उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया है।

भगवंत इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के चेयरमैन डा. अनिल सिंह को नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उनके शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया द्वारा प्रदान किया गया है। कार्यक्रम से लौटने पर डा. अनिल सिंह का इंस्टीटयूट के सभी अधिकारी व शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर डा. अनिल सिंह ने कहा कि वह शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा करने का मन रखते हैं। जिसके चलते वह शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे है। ऐसा करने से आत्मसंतोष मिलता है। स्वागत करने वालों में इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. डीके भल्ला, डा. टीके चक्रवर्ती, रजिस्ट्रार दिनेश सिंह शामिल थे।

राजस्थान पत्रिका 04

अजमेर . बुधवार . 28.01.2015

डॉ. सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

अजमेर. भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह को राज्य मानव संसाधन विकास मंत्री आर.एस. कटारिया ने शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। सिंह ने समाज के पिछड़े व गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति की सहायता देकर छाप छोड़ी। वह राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के साथ नार्वे व फिनलैंड की अधिकारिक यात्रा में शामिल हुए।

दैनिक नवज्योति

14 अजमेर ■ 28 जनवरी, 2015 ■ बुधवार

डॉ. अनिल सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड

अजमेर। राज्य मानव संसाधन विकास मंत्री आर.एस. कटारिया ने भगवंत ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर डॉ. अनिल सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया है।

सिंह ने देश और विदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने समाज के पिछड़े एवं गरीब बच्चों को छात्रवृति द्वारा सहायता प्रदान कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का भागीरथी प्रयास किया है। पिछले महीने राष्ट्रपति प्रणब मुकर्जी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ उन्होंने नार्वे और फिनलैण्ड की आधिकारिक यात्रा की थी। इसका उद्देश्य शिक्षा के विकास एवं उसमें नई संभावनाओं की तलाश, नई पीढ़ी को विकसित करना था। सिंह ने बहुत कम समय में उच्च शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार के लिए कई प्रयास किए हैं।

सम्मान एवं पुरस्कार

डा. कपिल सिब्बल (पूर्व केन्द्रीय मन्त्री) द्वारा सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक समूह का पुरस्कार प्राप्त करते हुए डा. अनिल सिंह

श्री गोविन्द नारायण सिंह (पूर्व मुख्यमंत्री, म.प्र.) एवं एम.वी. राजाशेखरन (पूर्व मंत्री) द्वारा इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार प्राप्त करते हुए डा. अनिल सिंह

अमर उजाला

मेरठ | बृहस्पतिवार | 13 मार्च 2014

बेस्ट फाइनेंस यूनिवर्सिटी का अवार्ड मिला

बिजनौर। भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर को बेस्ट फाइनेंस यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के अवार्ड से सम्मानित किया। दिल्ली के ओखला स्थित पांच सितारा होटल काउन प्लाजा में पूर्व डिप्टी स्पीकर डॉ. नजमा हेपतुल्ला, एचसीईआरटी के डीन प्रो. डीके अग्रवाल ने यह पुरस्कार दिया । भगवंत इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशा सिंह ने बताया कि भगवंत ग्रुप शिक्षा के विभिन्न आयामों की गुणवत्ता एवं विरल सुधार हेतु प्रतिबद्ध है। ग्रुप चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, कुलपति प्रो. लोकेश शेखावत ने हर्ष जताया।

हिन्दुस्तान

मेरठ • गुरुवार • 13 मार्च 2014

भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर को मिला अवार्ड

बिजनौर। देश की प्रतिष्ठित प्राइम टाइम रिसर्च मीडिया लिमिटेड नई दिल्ली ने देश के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं को कई श्रेणियों में श्रेष्ठता एवं गुणवत्ता के आधार पर पुरस्कृत किया। इसमे भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर को बेस्ट सेल्फ फाइनेंस यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान का अवार्ड प्रदान किया गया। भगवंत यूनिवर्सिटी की ओर से यह अवार्ड डा. विभांशु विक्रम ने ग्रहण किया। यह अवार्ड राज्य सभा की पूर्व डिप्टी स्पीकर डा. नजमा हेपतुल्ला एवं प्रो. डीके अग्रवाल डीन एचसीईआरटी ने दिल्ली में पांच सितारा होटल काउन प्लाजा में दिया। ग्रुप चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने ग्रुप के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए बधाई दी।

संवाद का सफर

गुरुवार, 16 जनवरी, 2014

भगवंत ग्रुप को "सर्वश्रेष्ठ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स" का अवार्ड

बिजनौर टाइम्स

14 जनवरी, 2014 10

भगवंत ग्रुप को मिला सर्वश्रेष्ठ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का अवार्ड

डा. शशी थरूर (पूर्व केन्द्रीय मंत्री) द्वारा सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज का पुरस्कार प्राप्त करते भगवंत ग्रुप के अधिकारी

श्री एस.सी. जामिल (पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र) से राष्ट्रीय शहरी एवं औद्योगिक विकास का पुरस्कार ग्रहण करते डा. अनिल सिंह

सम्मान एवं पुरस्कार

डा. अनिल सिंह की प्रेरणा एवं आदर्शों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का पुरस्कार प्रसिद्ध लेखक श्री चेतन भगत से प्राप्त करते भगवंत ग्रुप के अधिकारी

बिजनौर टाइम्स 13 मार्च, 2014 6

भगवंत यूनिवर्सिटी को मिला बेस्ट सेल्फ फाइनेंस यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान का अवार्ड

बिजनौर। देश की प्रतिष्ठित प्राइम टाइम रिसर्च मीडिया लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों को अनेक श्रेणियों में श्रेष्ठता एवं गुणवत्ता के आधार पर पुरस्कृत किया गया। यह अवार्ड राज्य सभा की पूर्व डिप्टी स्पीकर डा. नजमा हेपतुल्ला, भारत सरकार एवं प्रो. डीके अग्रवाल डीन एचसीईआईटी द्वारा प्रदान किये गये।

भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर को बेस्ट सेल्फ फाइनेंस यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान का अवार्ड प्रदान किया गया। भगवंत यूनिवर्सिटी की ओर से यह अवार्ड डा. विभुशु विक्रम ने ग्रहण किया। बेस्ट प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेज इन पंजाब का अवार्ड कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट, कपूरथला, बेस्ट प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेज इन मध्य प्रदेश का अवार्ड ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट, बेस्ट इंजीनियरिंग कालेज इन हरियाणा का अवार्ड यमुना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट, बेस्ट फार्मेसी कालेज इन हिमाचल प्रदेश का अवार्ड लारेन्ट इंस्टीट्यूट, बेस्ट इंजीनियरिंग कालेज इन आन्ध्र प्रदेश का अवार्ड सेंटिलिन इंजीनियरिंग कालेज, बेस्ट फार्मेसी कालेज इन श्रीनगर का अवार्ड ग्रीन लैण्ड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बेस्ट इंजीनियरिंग कालेज इन इंडिया का अवार्ड सेल इंस्टीट्यूट को मिला। यह अवार्ड ओखला नई दिल्ली स्थित पांच सितारा होटल काउन प्लाजा में दिये गये। इस अवार्ड के मिलने पर भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने ग्रुप के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए बधाई दी तथा भविष्य में इस प्रकार की गुणवत्ता बनाये रखने का आह्वान किया। भगवंत इंस्टीट्यूशन्स की वाइस चेयरपर्सन डा. आशा सिंह ने बताया कि भगवंत ग्रुप के विभिन्न आयामों की गुणवत्ता एवं अविरल सुधार हेतु प्रतिबद्ध है। भगवंत यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डा.) लंकेश शेखावत ने भगवंत ग्रुप को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता व गुणवत्ता हेतु प्राप्त अवार्ड से सम्मानित होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अवार्ड का श्रेय भगवंत ग्रुप के प्रबंधन, प्रशासन, शिक्षकों, छात्र छात्राओं व अधिकारियों को दिया गया है। इस समारोह में राज्य सभा की पूर्व डिप्टी स्पीकर डा. नजमा हेपतुल्ला, डा. बलेन्द्र मुंगेरकर (राज्यसभा सदस्य), डा. सैयदां हमीद (प्लानिंग कमीशन सदस्य), प्रो. डीके वैद्य (डीन एनसीईआरटी), श्री आनन्द कुमार, श्री अमर सिंह (राज्यसभा सदस्य), डा. विभुशु विक्रम सिंह (भगवंत ग्रुप), अनुरंजन मिश्रा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

वर्ष 2015 में जाट विश्राम स्थली पुष्कर द्वारा एक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए डा. अनिल सिंह

दैनिक भास्कर अजमेर, शुक्रवार 7 नवंबर, 2014 9

डॉ. अनिल सिंह सम्मानित

अजमेर। जाट विश्राम स्थली पुष्कर के वार्षिकोत्सव में भगवंत यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल सिंह को सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह ने कक्षा 12 में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली जाट विद्यार्थियों को इंजनियरिंग की शिक्षा भगवन्त विश्वविद्यालय में निःशुल्क दिलवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा ऐसे दो विद्यार्थी जो आर्थिक रूप से पिछड़े है तथा जिनकी समाज सिफारिश करेगा उन्हें शिक्षा शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

पंजाब केसरी 12 नवम्बर, 2014, बुधवार

भगवंत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनिल सिंह सम्मानि

अजमेर, (कासं): राजस्थान जाट महासभा की ओर से आयोजि दीपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में भगवन्त विश्वविद्याल के डॉ. अनिल सिंह को उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगद के लिए सम्मानित किया गया। एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि राजाराम मील थे। सिंह ने इस अवसर पर प्रतिभाशाली ज विद्यार्थियों जिन्होंने बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कि को मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा की। सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप पिछड़े बच्चे जिनकी सिफारिश जाट समाज की ओर से की जाएगी उ भगवन्त विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की शिक्षा में 50 प्रतिशत की छू दी जाएगी। सिंह ने बताया कि जाट समुदाय का खेती से भावनात्मक लगा अधिक है, लेकिन उन्हें अपने बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा और व्याप पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि खेती तो बंट जाती है, लेकिन शिक्षा न बंटती तथा व्यापार मल्टीप्लाई होता है। शिक्षा में अपने योगदान के लि डॉ. अनिल सिंह को 2008 में तत्कालीन राज्यपाल की ओर से प्राइड अ इण्डिया अवार्ड और 2012 में तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री हरीश रावत की अ से यूपी रत्न अवार्ड से नवाजा गया। समारोह में डेयरी अध्यक्ष रामच चौधरी, जवाहर लाल नेहरु मेडीकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधर जिला अध्यक्ष जाट महासभा कश्मीर सिंह लम्बा, शहर अध्यक्ष जाट महास महावीर फौजदार उपस्थित थे।

राष्ट्रदूत अजमेर, 12 नवम्बर, 2014

डॉ. अनिल सिंह सम्मानित

अजमेर, (कासं): राजस्थान जाट महासभा शहर अजमेर द्वारा दी नवम्बर को आयोजित दीपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में भगवन्त विश्वविद्यालय के चान्सलर डॉ. अनिल सिंह को उनके शिक्षा के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कॉलनागर रोड स्थित बालाजी रॉयल पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर प्रतिभाशाली जाट विद्यार्थीयों को अनिल सिंह ने मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा की, जिन्होंने बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हों। सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चे जिनकी सिफारिश जाट समाज की ओर से की जायेगी उन्हें भगवन्त विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की शिक्षा में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ज्ञात हो कि शिक्षा में अपने योगदान के लिए डॉ. सिंह को 2008 में तत्कालीन राजस्थान के राज्यपाल द्वारा 'प्राइड ऑफ इण्डिया' अवार्ड और 2012 में तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री हरीश रावत द्वारा 'यूपी रत्न' के अवार्ड से नवाजा गया था।

राजस्थान पत्रिका अजमेर, शुक्रवार, 07.11.2014 6

भगवंत विश्वविद्यालय के चांसलर सम्मानित

अजमेर. जाट विश्राम स्थली पुष्कर के वार्षिकोत्सव पर भगवन्त विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अनिल सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिंह ने प्रतिभाशाली जाट विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों उन्हें भगवंत विश्वविद्यालय में निःशुल्क इंजीनियरिंग की शिक्षा दिलाने की घोषणा की। सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चे जिनकी सिफारिश जाट समाज की ओर से की जाएगी उन्हें विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की शिक्षा में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

डा. अनिल सिंह

चेयरमैन, भगवंत ग्रुप

चांदपुर हाउस, ग्राम-पाहुली, पोस्ट-हीमपुर बुजुर्ग, चांदपुर, जिला बिजनौर

9897543132, 8006541541

www.facebook.com/Dr/AnilSinghRathi

bhagwant.anil@gmail.com

twitter.com/DrAnilSinghRathi